# प्रतिवेदन

कार्य का नामः– मुख्यमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड भटवाडी में भल्डियाना लम्बगांव उत्तरकाशी मोटर मार्ग से जसपुर सिल्याण निराकोट मोटर मार्ग का निर्माण कार्य हेतु 2.125 है0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव। (4.025 किमी0)

उक्त कार्य मा0 मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण हेतु रु0 100.80 लाख की स्वीकृति उत्तराखण्ड शासन के पत्रांक 1440/III(2)/11–05(प्रा0आ0)/2010 दिनांक 22 मार्च 2011 द्वारा प्राप्त है।

मार्ग निर्माण के अन्तर्गत पडने वाली वन भूमि का संयुक्त निरीक्षण 27/5/2020 राजस्व विभाग,वन विभाग एवं प्रस्तावक विभाग द्वारा किया गया।जिसमे आरक्षित वन भूमि 1.400 है0 एवं सिविल सोयम वन भूमि 0.350 है0 व नाप भूमि 1.050 है0 भूमि का उपयोग किया जायेगा।जिसमे विभिन्न प्रजातियो के 288 वृक्षो का पातन किया जाना आवश्यक है। इस मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रथम चरण की स्वीकृति प्राप्त हुयी है। उक्त मार्ग से लाभान्वित होने वाले ग्रामों की सूची निम्नवत् है :–

| कम संख्या | गांव का नाम | ग्राम कोड | कुल जनसंख्या | कुल एस0सी0 | कुल एस0टी0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जसपुर | 040789 | 231 | 0 | 0 |
| 2 | सिल्याण | 040791 | 186 | 0 | 0 |
| 3 | निराकोट | 040792 | 83 | 0 | 0 |

मार्ग का सर्वेक्षण विगत वर्षो कई बार किया गया परन्तु लावान्वित होने ग्रामवासियों के बीच सामंजस्य न होने के कारण बार – बार विवाद होते रहे। इस सम्बन्ध में पुनः ग्रमवासियो के साथ बैठक एवं आपसी सहमति के उपरान्त निम्न दो समरेखणों पर विचार किया गया जिनका विवरण निम्नवत् है :–

**समरेखण संख्या – 1** :– प्रस्तावित समरेखण उत्तरकाशी घनसाली तिलवाड़ा राज्य मार्ग न० 15 के चेनेज 4.725 से यू0जे0वी0एन0एल0 की एच0आर0टी0 को जाने वाली 450 मीटर लम्बी सड़क के अन्तिम बिन्दु से प्रारम्भ होते हुये जसपुर सिल्याण निराकोट 5.00 1:20 तथा 1:24 के राईज पर नाप भूमि से होकर गुजरता है, नापभूमि का मालिकाना हक इस सड़क से लाभान्वित होने वाले धनपुर तथा अलेथ गांव का ही है जिससे यह सड़क जल्दी निर्मित होकर ग्रामवासियों को जल्दी यातायात उपलब्ध करवायेगी। साथ ही इस मार्ग पर एच0पी0 बैण्ड खेतों में पड़ने के कारण मार्ग की सुरक्षा तथा सुगमता और अधिक बढ़ जाती है। उक्त समरेखण पर गांव वासियों की सहमति भी प्राप्त है।

**समरेखण संख्या – 2** :– यह समरेखण 1:17 तथा 1:20 के राईज पर नाप भूमि से होकर गुजरता है। इस समरेखण में पहाड़ी का ढ़ाल अधिक होने के कारण तथा एच0 पी0 बैण्ड हेतु उचित स्थान न होने के कारण इस समरेखण में 06 एच0पी0 बैण्ड आ रहे हैं तथा ग्राम वासी भी इस समरेखण पर सहमत नहीं हैं जिस कारण इस समरेखण को निरस्त करने की संस्तुति की जाती है।

अतः वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव चैकलिस्ट के आधार पर किया गया है। मार्ग निर्माण हेतु 2.125 है0 वन भूमि प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 भटवाडी के पक्ष मे हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रेषित।

01/06/2020
सहायक अभियंता
प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग भटवाड़ी
उत्तरकाशी

22/7/2020
अधिशासी अभियंता
प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग भटवाड़ी
उत्तरकाशी